महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)
नैक द्वारा **'A'** ग्रेड प्रदत्त / **NAAC Accreditation 'A' Grade**

ज्ञान शांति मैत्री

**क़ादर नवाज़ ख़ान**
**Kadar Nawaz Khan**
कार्यकारी कुलसचिव
Acting Registrar

**दूरभाष क्र.**/Phone no.: 07152-230902

**पत्रांक:** 04/परी./स.प.अप्रैल/2020/01/ ११९७
**दिनांक :** 14 फरवरी, 2020

## सत्रांत परीक्षा सूचना

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों/केंद्रों के अंतर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की सत्रांत परीक्षा (शीत-सत्र) दिनांक 15 अप्रैल 2020 से आयोजित है। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थियों/ शोधार्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित विवरणानुसार अपने-अपने विभाग/केंद्र से परीक्षा आवेदन-प्रपत्र (Examination Form) प्राप्त कर एवं उसे पूर्ण भरकर, साथ में **अदेयता प्रमाण-पत्र** (No Dues) संलग्न करके अपने संबंधित विभाग/केंद्र में जमा करें।

1. **परीक्षा फॉर्म प्राप्त करने एवं भरकर जमा करने की तिथि: 14 फरवरी 2020 से 02 मार्च 2020 तक है।**
2. **अंतिम तिथि के बाद, विलंब शुल्क ₹100/- के साथ परीक्षा आवेदन-प्रपत्र जमा करने की तिथि: 03 से 05 मार्च 2020 तक एवं उसके पश्चात् विलंब शुल्क ₹500/- के साथ 12 मार्च 2020 तक है।**

एम.फिल./स्नातकोत्तर/स्नातक/पी.जी. डिप्लोमा/एडवांस्ड डिप्लोमा/डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सेमेस्टर के **पूरक प्रश्न पत्र** (बैक पेपर) के लिए **शुल्क ₹200/-** (प्रत्येक प्रश्न पत्र के लिए) निर्धारित है। विलंब शुल्क/पूरक परीक्षा शुल्क संलग्न 'भुगतान पर्ची' (Pay slip) के साथ बैंक (BOI) में जमा कर वित्त विभाग की प्रति वित्त विभाग में जमा करें **एवं परीक्षा विभाग की भुगतान पर्ची को परीक्षा आवेदन-प्रपत्र** के साथ ही संलग्न करें।

साथ ही **द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सेमेस्टर के अंतर्गत पूरक/बैक प्रश्न-पत्र के परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थी/शोधार्थी** भी दिनांक 14 फरवरी 2020 से 02 मार्च 2020 तक विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष से आवेदन-पत्र अग्रेषित करवाकर कर परीक्षा विभाग से पूरक परीक्षा आवेदन-प्रपत्र प्राप्त कर निर्धारित तिथि में ही परीक्षा विभाग में सीधे जमा कर सकते हैं। निर्धारित पूरक परीक्षा शुल्क के साथ निर्धारित अवधि में ही परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरकर जमा करना होगा।

अलग-अलग पाठ्यक्रमों एवं सेमेस्टर या पूरक परीक्षा के लिए अलग से परीक्षा आवेदन-प्रपत्र भरना होगा।

**नोट: अंतिम तिथि के बाद परीक्षा आवेदन-प्रपत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे।**

क़ादर नवाज़
**(क़ादर नवाज़ ख़ान)**
14/02/2020

**प्रति सूचनार्थ-**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/केंद्राध्यक्ष, म.गां.अं.हिं.वि., वर्धा
2. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज (इलाहाबाद)।
3. प्रभारी, क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता।
4. प्रभारी: लीला, विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड कराने हेतु।
5. कार्यालय प्रति।